an>

Title: Need to take steps to check soil erosion caused by river Ganges and its tributaries in Bhagalpur Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बहुत ही गंभीर विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। निश्चय ही बिहार अत्यन्त पिछड़ा राज्य है। इसके पिछड़ेपन का एक कारण यह भी है कि बिहार में गंगा और कोसी से लगातार उपजाऊ जमीन कटती जा रही है। बिहार जो पिछड़ा जा रहा है, उसका एक महत्वपूर्ण कारण यह भी है।

माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे भागलपुर संसदीय क्षेत्र में कोसी और गंगा नदियों से विगत दस सालों से बहुत ज्यादा कटाव हो रहा है। हमने पिछले सैशन में भी यह विषय को सदन में उठाया था। इस बार विक्रमशिला के जो पुल हैं उनके अपस्ट्रीम में राघोपुर से काजिकोरैया तक और डाउनस्ट्रीम में बिनटोली से इस्माइलपुर तक, जिसको मैंने "आदर्श ग्राम योजना" के तहत गोद लिया है, वह कटाव के मुहाने पर है। मदरौनी, सौहरा, वहां रेलवे लाइन भी अब कटेगी, वहां कोसी नदी से कटाव हो रहा है, उसके बाद तौफिल-58, पिपरपौंती, मिर्चा, रौनी, दियरा, बहुत सारे कटाव के मुहाने पर हैं।

मैं माननीय अध्यक्ष महोदया, से यह निवेदन करूंगा कि वे मंत्री जी को आदेश करें ताकि जो जी.एफ.सी.सी. में बिहार का जो मामला फंसा हुआ है, उसको यहां पर भेज कर, उसके लिए क्लीयरैन्स लेकर उस स्कीम को पूरा कराने का काम करें। चूंकि समय भी बीतता जा रहा है, इसलिए मैं चाहूंगा कि उस स्कीम को पूरा कराने का काम किया जाए।

माननीय अध्यक्ष **:** श्री अश्विनी कुमार चौबे श्री श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।